दिन– मंगलवार दिनांक– 14 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश के नये मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा आज होने की सम्भावना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक आज होगी।

02. केन्द्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य, एमएसपी दर पर चना और सरसों की खरीद को दी मंजूरी।

03. राष्ट्र आज संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। पटना सहित पूरे प्रदेश में कई कार्यक्रम का आयोजन।

04. और, मौसम विभाग ने अल नीनो के कारण इस वर्ष मानसूनी वर्षा सामान्य से कम होने की आशंका जतायी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रीमंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। कैबिनेट विभाग के अपर सचिव अखिलेश कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी कर बताया है कि बैठक पटना स्थित मुख्य सचिवालय में सुबह ग्यारह बजे से आयोजित होगी। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में यह अंतिम कैबिनेट बैठक है।

———बाइट———

इधर, राज्य में नई सरकार के गठन के लिए हलचल काफी तेज हो गयी है। भाजपा और जदयू ने आज विधायक दल की बैठक बुलाई है। इसके बाद एनडीए विधायक दल की बैठक होगी। भाजपा विधायक दल की बैठक पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित की जायेगी। पार्टी ने वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को इसके लिए केन्द्रीय प्रर्यवेक्षक नियुक्त किया है। श्री सिंह ने कहा कि वे दिये गये दायित्व का जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बैठक के समय और एजेंडे की जानकारी दी है।

———बाइट———

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा है कि एनडीए दलों के बीच नई सरकार के गठन को लेकर कहीं कोई समस्या नहीं है।

———बाइट———

वहीं, जदयू के वरिष्ठ नेता और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि भाजपा की अनुशंसा पर एनडीए विधायक दल का नया नेता चुना जाएगा। श्री चौधरी ने स्पष्ट किया कि एनडीए विधायक दल का नेता ही मुख्यमंत्री होगा।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार के अनुरोध पर चना और सरसों की खरीद एमएसपी दर पर करने की मंजूरी दे दी है। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने बताया कि चनाकी एमएसपी दर सोलह हजार सात सौ पचास रूपये प्रति टन, मसूर की बत्तीस हजार रूपये और सरसों की एमएसपी अट्ठाईस हजार रूपये प्रति टन निर्धारित की गयी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एमएसपी दर पर धान, गेहूँ और मक्का की खरीद की जाती है।

———————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य—एमएसपी निर्धारण से संबंधित एक याचिका पर केंद्र और अन्य अधिकारियों से जवाब मांगा है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने केंद्र सरकार, विदेश व्यापार महानिदेशालय तथा कृषि लागत और मूल्य आयोग को नोटिस जारी किया। याचिका में एमएसपी निर्धारण करते समय राज्य—विशिष्ट खेती लागत को अधिक महत्व देने का आग्रह किया गया है। याचिका में एमएस स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट का हवाला दिया गया है, जिसमें लागत और पचास प्रतिशत लाभ के आधार पर एमएसपी की सिफारिश की गई थी।

———————————————————————————

देश आज भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डॉ. बी. आर. अंबेडकर की 136वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। अधिक जानकारी हमारे संवाददाता से.....

———साउंड बाईट———

मध्य प्रदेश में 14 अप्रैल 1891 को जन्मे डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने महिलाओं, श्रमिकों और वंचित वर्गों के समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किए। उनकी दूरदृष्टि ने एक न्यायपूर्ण और समावेशी समाज की नींव रखी, जो भारत के संविधान में परिलक्षित होता है, जिसके निर्माण में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आर्थिक नीति और आधारभूत संरचना से लेकर संवैधानिक कानून तक, डॉ. अंबेडकर के बहुआयामी योगदान ने उन्हें एक न्यायपूर्ण और समतावादी भारत के निर्माण के लिए समर्पित राष्ट्र निर्माता के रूप में स्थापित किया।

डॉ. बी. आर. अंबेडकर को मरणोपरांत वर्ष 1990 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सामाजिक न्याय, समानता और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में यह दिन विशेष महत्व रखता है।

आनंद कुमार के साथ सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आज राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में भी विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और संगठनों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पटना में उच्च न्यायालय के पास स्थित डॉक्टर अम्बेडकर की प्रतिमा के पास राजकीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जहां राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई गणमान्य लोग बाबा साहब को श्रद्धाजंलि अर्पित करेंगे।

इस अवसर पर राज्य सरकार की और से एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। सरकार ने डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय और अम्बेडकर छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को मिलने वाली अनुदान राशि दोगुनी कर दी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में एक कार्यक्रम में कहा कि छात्रों को अब प्रति माह दो हजार रूपये दिये जोयेंगे।

———————————————————————

पाकिस्तान में पिछले सप्ताह हुए शांति वार्ता के विफल होने के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ ही अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की पूर्ण समुद्री नाकाबंदी शुरू कर दी है। यह नाकाबंदी भारतीय समयानुसार कल शाम साढ़े सात बजे से प्रभावी होगा। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने कहा है कि यह प्रतिबंध फारस और ओमान की खाड़ी में स्थित ईरान के तटीय क्षेत्रों में प्रवेश करने या बाहर निकलने वाले जहाजों पर लागू होंगे। ईरान ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह अपने जलक्षेत्र में किसी भी प्रकार की दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं करेगा।

———————————————————————

अल नीनो के कारण जून से सितंबर तक दक्षिण–पश्चिम मानसून के दौरान होने वाली मौसमी वर्षा इस वर्ष सामान्य से कम रहने की आशंका है। मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने नई दिल्ली में बताया कि देशभर में मानसूनी वर्षा दीर्घकालिक औसत का बानवे प्रतिशत रहने की संभावना है।

———साउंड बाईट———

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जो पूर्वानुमान जारी किए हैं इसके हिसाब से आने वाले मानसून सीजन में रेनफॉल बीलो नॉर्मल होने का संभावना है। क्वींटीटेवली बोले तो हमारा जो दीर्घावधि औसत है जैसे की 87 सेंटीमीटर इसका 92 पर्सेंट प्लस–माइनस फाइव पर्सेंट होने का संभावना है।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी की परीक्षा आज से शुरू हो रही है। परीक्षा का आयोजन विभिन्न चरणों में इक्कीस अप्रैल तक किया जायेगा। राज्यभर में सात सौ छियालीस परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। नौ सौ पैंतीस पदों पर भर्ती के लिये आयोजित परीक्षा में भाग लेने के लिए दस लाख संतानवे हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। वहीं, आयोग ने इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहे एईडीओ परीक्षा प्रश्न पत्र को गलत बताया है। आयोग के अनुसार कुछ असामाजिक तत्व गलत प्रश्न पत्र खरीद बिक्री कर रहे हैं, जिनपर कार्रवाई की जा रही है।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार घरेलू उपयोग के लिए एलपीजी की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में कहा कि देश में किसी भी एलपीजी वितरक से एलपीजी की कमी की कोई खबर नहीं मिली है।

———साउंड बाईट———

डोमेस्टिक स्च्ळ सप्लाई नॉर्मल है, किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर पर कोई ड्राय आउट रिपोर्टेड नहीं है। ऑनलाइन बुकिंग लगभग 99 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इसके अलावा डाइवर्जन को रोकने के लिए व्ज्च बेस स्च्ळ डिलीवरी की जा रही है। कमर्शियल सप्लाई के संबंध में 70 प्रतिशत तक रेसस्टोर की जा चुकी है।

———————————————————————————

पंजाब समेत देशभर में आज बैसाखी का त्योहार श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे की भावना के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर का धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व है। वर्ष 1699 में आज ही के दिन सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इधर, पटना सिटी स्थित सिखों के दसवें गुरु गुरू गोविंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली पटना साहिब में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से पटना सहिब महोत्सव का आयोजन किया है।

———————————————————————————

प्रदेश में लोक पर्व सतुआनी आज पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सामूहिक रूप से मकई, चना और जौ का सत्तू, आचार, प्याज, चटनी और टिकोला के साथ खाने की परंपरा है। इस अवसर पर लोग सुबह से प्रमुख नदियों और सरोवरों में स्नान–दान कर रहे हैं। वहीं, मिथिलांचल का लोकपर्व और प्रकृति संरक्षण से जुड़ा जूड़–शीतल पर्व कल मनाया जाएगा।

———————————————————————————

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डी.आर.डी.ओ कल से अठारह अप्रैल तक मोतीहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में एक प्रदर्शनी का आयोजन करेगा। इसमें डी. आर.डी.ओ के अत्याधुनिक तकनीक और उन्नत प्रणाली का प्रदर्शन किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि डीआरडीओ सतह से वायु में भेदने वाली मिसाइल आकाश, ब्रह्मोस, पृथ्वी, कावेरी इंजन का रैपिड प्रोटोटाइप मॉडल, बैलिस्टिक हेलमेट और कई अन्य रक्षा उत्पादों के विस्तृत मॉडल और उत्पादों का प्रदर्शन करेगा।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने वाराणसी–कोलकाता छह लेन राष्ट्रीय राजमार्ग को मंजूरी दे दी है। बिहार को उत्तर प्रदेश–झारखंड और पश्चिम बंगाल से जोड़ने वाला यह मार्ग इकसठवें राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में जाना जायेगा।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट और मैट्रिक की कम्पार्टमेंटल परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इंटर कम्पार्टमेंटल परीक्षा दो से ग्यारह मई और मैट्रिक की कम्पार्टमेंट परीक्ष दो से छह मई तक परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जायेगा।

———————————————————————————

राज्य के सभी जिलों में उपभोक्ता विवादों की सुनवाई वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से की जायेगी। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अनुसार उपभोक्ताओं को बार–बार आयोग कार्यालय नहीं आना पड़े इसके लिए यह व्यवस्था की गयी है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग – अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है – पटना–बेतिया एक्सप्रेस वे का पहला खंड अगले साल तक होगा पूरा। तीन घंटे में बेतिया से पटना पहुंच सकेंगे।

दैनिक जागरण ने कुचायकोट विधानसभा क्षेत्र के विधायक पर पुलिस कार्रवाई मामले पर लिखा है– सात डीएसपी, एक सौ पचास एसआई और एक सौ सत्तर जवानों ने जदयू विधायक के घर दी दबिश।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है – मौतों का सच फाइलों में दफन, बिहार के मेडिकल कॉलेजों में नहीं हो रहा डेथ ऑडिट। नेशनल मेडिकल कमीशन ने कहा प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में मोर्टलिटी रिव्यू कमेटी बनाना अनिवार्य। प्रभात खबर लिखता है– नौकरी झारखंड वालों के लिए पर सौदा करने वाले बीस बिहार के। उत्पाद सिपाही

भर्ती परीक्षा मामले में सरगना समेत एक सौ छियासठ जेल भेजे गये। आज अखबार की सुर्खी है – बिहार पंचायत चुनाव दो हजार छब्बीस में आरक्षण का बदलेगा पूरा गणित।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश के नये मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा आज होने की सम्भावना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक आज होगी।

02. केन्द्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य, एमएसपी दर पर चना और सरसों की खरीद को दी मंजूरी।

03. राष्ट्र आज संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। पटना सहित पूरे प्रदेश में कई कार्यक्रम का आयोजन।

04. और, मौसम विभाग ने अल नीनो के कारण इस वर्ष मानसूनी वर्षा सामान्य से कम होने की आशंका जतायी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।